कम मूल्य में अनमोल घर का सपना साकार करेगा इडेन सिटी : सच्चिदानंद

• एशिया का पहला और विश्व का सबसे बड़ा सोलर्स घर बसायेगा इडेन

कोलकाता. इडेन रियलिटी समूह के चेयरमैन सच्चिदानंद राय ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एशिया का सबसे बड़ा व विश्व का दूसरा सबसे बड़ा हाउसिंग कॉम्प्लेक्स सोलर्स सिटी का निर्माण श्रीरामपुर किया जायेगा. इसके अलावा सोलर्स जोका का भी निर्माण चल रहा है. दो फेज में यह काम हो रहा है. इसकी निर्धारित अवधि पांच साल रखी गयी है. पहले फेज का काम पूरा होते ही लोगों को घर देने का काम शुरू हो जायेगा. उन्होंने बताया कि श्रीरामपुर की परियोजना हर वर्ग के हित का ख्याल रखते हुए बनायी जा रही है. इसके तहत लोगों को 4.95 लाख से 20.2 लाख तक का फ्लैट मिलेगा. इसके आर्किटेक्ट मलय घोष हैं. खरीददारों की सुविधा के लिए एक बेडरूम के फ्लैट से लेकर तीन बेडरूम के फ्लैट के अलाव स्टूडियो अपार्टमेंट भी बनाया जा रहा है. इसमें ग्राउंड फ्लोर से लेकर 12 तल्ले के कुल 12 टावर होंगे. गंगा से महज डेढ़ किलो मीटर दूर बन रहे इस प्रजोक्टे की खासियत यह है कि यहां से रिसड़ा स्टेशन की दूरी चार मिनट और श्रीरामपुर स्टेशन की दूरी आठ मिनट है. यहां के निवासियों को बिजली सौर उर्जा के माध्यम से मिलेगी.

श्री राय के अनुसार 23 एकड़ जमीन पर बन रहे इस कॉम्प्लेक्स में एक शापिंग माल भी होगा. जिसमें मल्टीप्लेक्स , हाइपर मार्केट, ब्रांड स्टोर फूड कोर्ट के अलावा अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी. इसके अलावा खेलकूद के लिए बैडमिंटन कोर्ट, क्रिकेट और फुटबाल के मैदान के साथ मिनी गोल्फ कोर्स के अलावा जोगिंग ट्रैक, योग सेंटर, जिम, स्विमिंग पुल, इंडोर गेम और रूफटॉप कम्यूनिटी स्पेस रहेगा. दो चरणों में कुल 4300 अर्पाटमेंट बनेंगे. यहां पांच ग्राउंड फ्लोर से लेकर 12 मंजिल तक का टावर होगा. यहां पर कीमत 8.75 लाख से 23 लाख रुपये तक होगी. इसमें एक बेडरूम, दो बेडरूम और तीन बेडरूम का अपार्टमेंट होगा. दोनों परियोजनाओं की लागत 1020 करोड़ रखी गयी है. संस्था के संयुक्त कार्यकारी निदेशक आर्या सुमंत के मुताबिक इसके रखरखाव का खर्च प्रति स्क्वायर फीट एक रुपये से भी कम होगा.